दिनांक-05:02:2020

स्वच्छ भारत अभियान   स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए किया जा रहा है स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम , भिलाई, शहरी परिवार कल्याण केन्द्र सुपेला का स्वास्थ्य अमला के द्वारा स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानीन के संयुक्त दल के साथ के आज जलजनित बीमारियों से बचाव एवं डेंगू से बचने के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। दल के समस्त सदस्य वार्ड में घर-घर जाकर कूलर, टंकी, केन्टेनर, टायर में जमे पानी को अधिक दिन तक न रखने की सलाह दे रहे हैं। मच्छर के लार्वा को समाप्त करने व घर के आस पास स्वच्छता रखने के उपाय बताए जा रहे है। शिविर में वार्ड के नागारिकों के द्वारा अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। शिविर में उपस्थित स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों के द्वारा 113 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें 06 व्यक्तियों सामान्य बुखार , 01 दस्त व 106 मरीज अन्य बीमारी के थे जिन्हे शासकीय चिकित्सक के द्वारा दवाईयां वितरित की गई। चिकित्सक दल के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराने आये लोगों को मौसमी बीमारी की रोकथाम के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। शिविर में 20 मरीजों की रक्त के नमूने हेतु स्लाईड पट्टी बनाकर लैब में परीक्षण हेतु भेजा गया है। संयुक्त दल के द्वारा वार्ड में भ्रमण करते हुए आम नागरिकों को घर के आस पास स्वच्छता बनाए रखने के साथ-साथ मौसमी जल जनित होने वाली बीमारियों से बचाव के उपाय भी बताये गये! साथ ही बताया जा रहा है

जनसम्पर्क अधिकारी